जीविका
गरीबी निवारण हेतु बिहार सरकार की पहल
बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार
बिहार सरकार
प्रथम तल, विद्युत भवन -2, बेली रोड, पटना – 800 021, दूरभाष :+91-612-250-4980, फैक्स : +91-612-250 4960, ईमेल :: info@brlp.in, वेबसाईट : www.brlp.in

Ref. No: BRLPS/Proj-IBCB/1972/21/1893 Date: 01.08.22

## कार्यालय आदेश

## संशोधित सामुदायिक कैडर मानदेय

कार्यालय आदेश सं०- BRLPS/Admn/01/06/Vol-14/567, दिनांक:16.05.2022 के आलोक में सामुदायिक संगठनों (SHG,VO,CLF) के साथ कार्यरत कम्युनिटी कैडरों के मानदेय संरचना में संशोधन किया गया है। मानदेय संरचना के संशोधित स्वरूप पूर्ववत मार्गदर्शिका के जैसे ही क्रियान्वित होंगे।

पूर्ववत मार्गदर्शिका एवं मानदेय संरचना के साथ **'1 जून 2022'** से कम्युनिटी मोबिलाईजर, ग्राम संगठन लेखापाल, संकुल स्तरीय संगठन/ सहकारी समिति लेखापाल, कलस्टर फैसिलिटेटर, तथा बैंक मित्र के मानदेय में निम्नलिखित विवरण के अनुसार अधिकतम 60% तक की मानदेय बढ़ोतरी निहित शर्तों के साथ की गई है। जिसका विवरण निम्न है-

1. **परिवीक्षा अवधि के दौरान** का मानदेय पूर्व की भांति **100% परियोजना द्वारा** वहन किया जाएगा।
2. सामुदायिक संगठनों (SHG,VO,CLF यथा उपयुक्त) के आयु के अनुसार कम्युनिटी मोबिलाईजर, ग्राम संगठन लेखापाल, संकुल स्तरीय संगठन/ सहकारी समिति लेखापाल, कलस्टर फैसिलिटेटर, तथा बैंक मित्र के मानदेय में अधिकतम 60% तक की वृद्धि हुई है।
3. **संशोधित मानदेय एवं पूर्ववत मानदेय के अंतर की राशि के अतिरिक्त भार का क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में - 100%,** तृतीय वर्ष में - 80%, चतुर्थ वर्ष में - 60%, पंचम वर्ष में - 40%, छठे वर्ष में- 20% तथा सातवें वर्ष एवं उसके उपरान्त में- 0% राशि परियोजना द्वारा वहन किया जाएगा।
4. यह स्पष्ट किया जाता है कि **1 जून 2022 से पूर्व में** दिए जा रहे मानदेय में परियोजना एवं सामुदायिक संगठन के द्वारा पूर्ववत प्रावधान के अनुसार खर्च वहन किया जाएगा। जिस सामुदायिक संगठन की आयु उसके गठन की तिथि से पाँचवें वर्ष या उसके उपरान्त वैसे सामुदायिक संगठनों में पूर्व में दिए जा रहे कैडर मानदेय में परियोजना के द्वारा कोई भी योगदान नहीं किया जाएगा।
5. परियोजना अपने लक्ष्य केन्द्रित सोच के साथ सामुदायिक संगठनों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह अपेक्षा करती है कि सामुदायिक संगठनों की गुणवत्ता में निरंतर विकास हो तथा वे स्वावलंबी बनें ताकि कालान्तर के क्रमिक वर्षों में अपने खर्च निर्वहन के लिए सक्षम बन सकें।
6. इस आदेश के साथ संलग्न भुगतान मैट्रिक्स (अनुलग्नक-'A') **1 जून 2022 से 31 मई 2024 तक के लिए है।**
7. **1 जून 2024 एवं उसके उपरान्त** के मानदेय संरचना हेतु भुगतान मैट्रिक्स हेतु अलग से आदेश निर्गत किए जायेंगे।

### कैडर मानदेय भुगतान हेतु महत्वपूर्ण विंदु :

1. समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठन में निर्धारित मानदंडों के अनुसार इनके सम्यक संचालन हेतु समुदाय अंतर्गत चयनित विभिन्न प्रकार के सामुदायिक संगठक/ कैडर (यथा कम्युनिटी मोबिलाईजर, ग्राम संगठन लेखापाल, संकुल स्तरीय संगठन/ सहकारी समिति लेखापाल, कलस्टर फैसिलिटेटर, तथा बैंक मित्र) सामुदायिक संगठनों को सेवा प्रदान करते हैं। अतः कैडरों का चयन (महिलाओं को सर्वोच्य प्राथमिकता), कार्य समीक्षा, प्रशासनिक निर्णय, शिकायत निवारण, मानदेय व प्रोत्साहन राशि का भुगतान एवं सकुशल वित्तीय संचालन का निर्णय आदि का उत्तरदायित्व पूर्व की भांति संबंधित सामुदायिक संगठनों की ही रहेगी।

2. सामुदायिक संगठनों को सुझाव दिया जाता है कि सामुदायिक संगठनों की गुणवत्ता हेतु नियमित रूप से सामुदायिक संगठनों एवं कैडरों की मासिक समीक्षा तथा श्रेणीकरण किया जाए।
3. सभी सामुदायिक संगठन संबंधित कैडरों के साथ नियमानुसार ससमय एकरारनामा का नवीनीकरण एवं 11 माह का एकरारनामा सुनिश्चित करेंगे।
4. पुराने समूहों को एकमत होकर **साप्ताहिक सदस्य बचत राशि को बढ़ाने** का परामर्श दिया जाता है।
5. समूहों को पंचसूत्र तथा ग्राम संगठन को अष्टसूत्र के अनुपालन के साथ पारस्परिक ऋण की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने, ससमय ऋण वापसी तथा ब्याज सबवेंशन का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किए जाने की जरुरत है।
6. समूहों एवं ग्राम संगठनों की गुणवत्ता के लिए आवश्यकता है कि एक ग्राम संगठन से जुड़े सभी समूहों के लिए 1 कम्युनिटी मोबिलाईजर कार्य करे। एक कम्युनिटी मोबिलाईजर अधिकतम 15 समूहों के लिए कार्य करें, अपवाद स्वरूप एक ग्राम संगठन में 15 से अधिक समूह होने की स्थिति में ही दुसरे कम्युनिटी मोबिलाईजर का चयन हो। एक कम्युनिटी मोबिलाईजर प्रतिदिन 2-3 समूहों के बैठक संचालन को प्रोत्साहित करे।
7. एक ग्राम संगठन लेखापाल अधिकतम 5-8 ग्राम संगठनों के लिए कार्य करे तथा एक दिन में 1 ग्राम संगठन के बैठक को ही संचालित करे।
8. कम्युनिटी कैडरों को उनके मूल कार्यों के अलावा परियोजना के अन्य कार्यों हेतु देय प्रोत्साहन राशि का भुगतान परियोजना द्वारा संबंधित सामुदायिक संगठनों (VO,CLF) के माध्यम से ही नियमानुसार होना चाहिए।
9. उपर्युक्त वर्णित कैडर यथा-कम्युनिटी मोबिलाईजर, ग्राम संगठन लेखापाल, संकुल स्तरीय संगठन/ सहकारी समिति लेखापाल, कलस्टर फैसिलिटेटर, तथा बैंक मित्र के अलावा जितने भी कैडर अथवा संस्थागत सेवी सामुदायिक संगठनों हेतु कार्यरत हैं उन्हें पूर्ववत मार्गदर्शिका के आलोक में ही उचित माध्यम से मानदेय प्रदान किया जाता रहेगा।
10. 'अनुलग्नक भुगतान मैट्रिक्स' में निर्धारित संख्या में बदलाव की स्थिति में समूहों की संख्या तथा ग्राम संगठनों की संख्या के आधार पर क्रमशः कम्युनिटी मोबिलाईजर तथा ग्राम संगठन लेखापाल को मानदेय-भुगतान अनुलग्नक 'A' (Revised Honorarium Matrix) के आधार पर गणना कर किया जाएगा।
11. संकुल स्तरीय संगठन/ सहकारी समिति लेखापाल, कलस्टर फैसिलिटेटर, तथा बैंक मित्र के मानदेय भुगतान, अनुलग्नक-'A' (Revised Honorarium Matrix) के अनुसार किया जाएगा।

निदेशित किया जाता है कि सभी जिला परियोजना प्रबन्धक उपर्युक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे।

01.08.22

**(राहुल कुमार)**

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी -सह- राज्य मिशन निदेशक

**अनुलग्रक:** यथोक्त।

**प्रतिलिपि:**

1. सभी परियोजना कर्मी
2. सूचना-तकनीक प्रभाग
3. सभी संकुल स्तरीय संगठन/ समिति
4. संबंधित संचिका

अनुलग्नक- 'A'

## *REVISED HONORARIUM MATRIX FOR CADRES (CM,VO-BK,CLF-BK,CF,BM)*

**For the Period: from 1st June 2022 to 31st May 2024**

### Revised Honorarium Matrix for Community Mobilizer (For support to 10 SHGs)

| संशोधित मानदेय के समय (01.06.2022 को) कैडर के कार्य की आयु | Existing Honorarium Matrix | | | Increment Differential | | | Revised Honorarium Matrix | | | Revised Payable Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | CBOs | | Project | CBOs | | Project | CBOs | | Project | |
| | SHG | VO | | SHG | VO | | SHG | VO | | |
| Probation | 0 | 0 | 750 | 0 | 0 | 450 | 0 | 0 | 1200 | **1200** |
| 1 Year | 100 | 50 | 1350 | 0 | 0 | 900 | 100 | 50 | 2250 | **2400** |
| 2 year | 500 | 50 | 1200 | 0 | 0 | 1050 | 500 | 50 | 2250 | **2800** |
| 3 Year | 1000 | 50 | 950 | 0 | 0 | 1200 | 1000 | 50 | 2150 | **3200** |
| 4 Year | 1500 | 50 | 950 | 0 | 0 | 1500 | 1500 | 50 | 2450 | **4000** |
| 5 Year | 2500 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1500 | 2500 | 0 | 1500 | **4000** |
| 6 Year | 2500 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1500 | 2500 | 0 | 1500 | **4000** |
| 7 Year Onwards | 2500 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1500 | 2500 | 0 | 1500 | **4000** |

Note: (1) एक कम्युनिटी मोबिलाईजर अधिकतम 15 समूह के लिए कार्य कर सकता/ सकती है। अतः सेवा के एवज में समूहों की संख्या तथा उपर्युक्त भुगतान मैट्रिक्स के आधार पर मानदेय राशि की गणना की जाएगी। (2) मानदेय हेतु ग्राम संगठन का योगदान राशि समूहों की संख्या पर आधारित है, यथा- 5/- प्रति समूह।

### Revised Honorarium Matrix for VO Book Keeper (For support to 5 VOs)

| संशोधित मानदेय के समय (01.06.2022 को) कैडर के कार्य की आयु | Existing Honorarium Matrix | | | Increment Differential | | | Revised Honorarium Matrix | | | Revised Payable Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | CBOs | | Project | CBOs | | Project | CBOs | | Project | |
| | VO | CLF | | VO | CLF | | VO | CLF | | |
| Probation | 0 | 0 | 1000 | 0 | 0 | 600 | 0 | 0 | 1600 | **1600** |
| 1 Year | 500 | 0 | 1500 | 0 | 0 | 1200 | 500 | 0 | 2700 | **3200** |
| 2 year | 1000 | 500 | 1000 | 0 | 0 | 1500 | 1000 | 500 | 2500 | **4000** |
| 3 Year | 1500 | 750 | 750 | 0 | 0 | 1800 | 1500 | 750 | 2550 | **4800** |
| 4 Year | 2000 | 1000 | 500 | 0 | 0 | 2100 | 2000 | 1000 | 2600 | **5600** |
| 5 Year | 2500 | 1000 | 0 | 0 | 0 | 2100 | 2500 | 1000 | 2100 | **5600** |
| 6 Year | 2500 | 1000 | 0 | 0 | 0 | 2100 | 2500 | 1000 | 2100 | **5600** |
| 7 Year Onwards | 2500 | 1000 | 0 | 0 | 0 | 2100 | 2500 | 1000 | 2100 | **5600** |

Note: (1) एक ग्राम संगठन-लेखापाल अधिकतम 8 ग्राम संगठनों के लिए कार्य कर सकता/ सकती है। अतः सेवा के एवज में ग्राम संगठनों की संख्या तथा उपर्युक्त भुगतान मैट्रिक्स के आधार पर मानदेय राशि की गणना की जाएगी। (2) मानदेय हेतु संकुल स्तरीय संगठन का योगदान राशि ग्राम संगठनों की संख्या पर आधारित है, यथा- 200/-प्रति ग्राम संगठन।

| Revised Honorarium Matrix for CLF Book Keeper | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संशोधित मानदेय के समय (01.06.2022 को) कैडर के कार्य की आयु | Existing Honorarium Matrix | | Increment Differential | | Revised Honorarium Matrix | | Revised Payable Amount |
| | CLF | Project | CLF | Project | CLF | Project | |
| Probation | 0 | 2000 | 0 | 1000 | 0 | 3000 | **3000** |
| 1 Year | 3500 | 0 | 0 | 1750 | 3500 | 1750 | **5250** |
| 2 year | 4000 | 0 | 0 | 2000 | 4000 | 2000 | **6000** |
| 3 Year | 4500 | 0 | 0 | 2250 | 4500 | 2250 | **6750** |
| 4 Year | 4500 | 0 | 0 | 2250 | 4500 | 2250 | **6750** |
| 5 Year | 4500 | 0 | 0 | 2250 | 4500 | 2250 | **6750** |
| 6 Year | 4500 | 0 | 0 | 2250 | 4500 | 2250 | **6750** |
| 7 Year Onwards | 4500 | 0 | 0 | 2250 | 4500 | 2250 | **6750** |

| Revised Honorarium Matrix for Cluster Facilitator | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संशोधित मानदेय के समय (01.06.2022 को) कैडर के कार्य की आयु | Existing Honorarium Matrix (Details) | | | Existing Honorarium Matrix | | Increment Differential | | Revised Honorarium Matrix | | Revised Payable Amount |
| | Honorarium | Travel+ Comm Allowance | Total | CLF | Project | CLF | Project | CLF | Project | |
| Probation | 2000 | 0 | 2000 | 0 | 2000 | 0 | 600 | 0 | 2600 | **2600** |
| 1 Year | 3500 | 1000 | 4500 | 0 | 4500 | 0 | 1350 | 0 | 5850 | **5850** |
| 2 year | 4000 | 1000 | 5000 | 0 | 5000 | 0 | 1500 | 0 | 6500 | **6500** |
| 3 Year | 4500 | 1000 | 5500 | 2750 | 2750 | 0 | 1650 | 2750 | 4400 | **7150** |
| 4 Year | 4500 | 1000 | 5500 | 5500 | 0 | 0 | 1650 | 5500 | 1650 | **7150** |
| 5 Year | 4500 | 1000 | 5500 | 5500 | 0 | 0 | 1650 | 5500 | 1650 | **7150** |
| 6 Year | 4500 | 1000 | 5500 | 5500 | 0 | 0 | 1650 | 5500 | 1650 | **7150** |
| 7 Year Onwards | 4500 | 1000 | 5500 | 5500 | 0 | 0 | 1650 | 5500 | 1650 | **7150** |

| Revised Honorarium Matrix for BANK MITRA | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संशोधित मानदेय के समय (01.06.2022 को) कैडर के कार्य की आयु | Existing Matrix (Details) | | | Existing Matrix | | Increment Differential | | Revised Honorarium Matrix | | Payable Amount |
| | Honorarium | Travel+ Comm Allowance | Total | CLF | Project | CLF | Project | CLF | Project | |
| Probation | 1000 | 250 | 1250 | 0 | 1250 | 0 | 750 | 0 | 2000 | **2000** |
| 1 Year | 1750 | 500 | 2250 | 0 | 2250 | 0 | 1350 | 0 | 3600 | **3600** |
| 2 year | 1750 | 500 | 2250 | 0 | 2250 | 0 | 1350 | 0 | 3600 | **3600** |
| 3 Year | 1750 | 500 | 2250 | 0 | 2250 | 0 | 1350 | 0 | 3600 | **3600** |
| 4 Year | 1750 | 500 | 2250 | 0 | 2250 | 0 | 1350 | 0 | 3600 | **3600** |
| 5 Year | 1750 | 500 | 2250 | 0 | 2250 | 0 | 1350 | 0 | 3600 | **3600** |
| 6 Year | 1750 | 500 | 2250 | 0 | 2250 | 0 | 1350 | 0 | 3600 | **3600** |
| 7 Year Onwards | 1750 | 500 | 2250 | 0 | 2250 | 0 | 1350 | 0 | 3600 | **3600** |